वर्ष 2013-18 की अवधि में स्वयं के कर राजस्व तथा स्वयं के करेतर राजस्व के संग्रहण के विवरण को *ifjf'k"V* ***1.6*** में प्रदर्शित किया गया है। इसमें वर्ष 2013-14 के ₹ 83,032 करोड़ से वर्ष 2017-18 में ₹ 1,17,188 करोड़ अर्थात ₹ 34,156 करोड़ (41 *प्रतिशत*) की वृद्धि हुई।

बजट अनुमान के सापेक्ष वर्ष 2017-18 हेतु राज्य के स्वयं के कर राजस्व एवं स्वयं के करेतर राजस्व को lkj.kh **1.8** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.8: ctV vuqekuksa ds lkis{k Lo;a ds dj jktLo ,oa Lo;a ds djsrj jktLo dh okLrfod izkfIr;k¡

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	ctV vuqeku	okLrfod
स्वयं का कर राजस्व	1,11,502	97,393
स्वयं का करेतर राजस्व	18,436	19,795
;ksx	**1,29,938**	**1,17,188**

(स्रोतः बजट प्रपत्र एवं वित्त लेखे वर्ष 2017-18)

Lo;a dk dj jktLo

वर्ष 2013-18 की अवधि में स्वयं के कर राजस्व का विवरण lkj.kh **1.9** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.9: Lo;a ds dj jktLo ds ?kVd

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	o"kZ 2016-17 ds lkis{k o"kZ 2017-18 esa fHkUurk ¼*izfr'kr*½
बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर	39,645 (60)	42,934 (58)	47,692 (59)	51,883 (60)	31,113 (32)	(-)40.03
राज्य वस्तु एवं सेवा कर	-	-	-	-	25,374 (26)	-
राज्य आबकारी	11,644 (17)	13,483 (18)	14,084 (17)	14,274 (17)	17,320 (18)	21.34
वाहनों पर कर	3,441 (5)	3,797 (5)	4,410 (5)	5,148 (6)	6,404 (7)	24.40
स्टाम्प एवं पंजीकरण शुल्क	9,521 (14)	11,803 (16)	12,404 (15)	11,564 (13)	13,398 (14)	15.86
भू–राजस्व	772 (1)	527 (1)	505 (1)	760 (1)	1,336 (1)	75.79
विद्युत कर एवं शुल्क	1,048 (2)	1,085 (1)	1,338 (2)	1,556 (2)	2,124 (2)	36.50
अन्य कर	511 (1)	543 (1)	673 (1)	781 (1)	324 (0)	(-)58.39
;ksx	**66,582**	**74,172**	**81,106**	**85,966**	**97,393**	**13.29**
स.रा.घ.उ. (वर्तमान मूल्यों पर)	9,40,356	10,11,790	11,37,210	12,50,213	13,75,607	10.03
स.रा.घ.उ. के सापेक्ष स्वयं के कर राजस्व का *प्रतिशत*	7.08	7.33	7.13	6.88	7.08	-

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे) (कोष्ठक के आंकड़े करों के संग्रह की कुल कर से प्रतिशतता है)

- वर्ष 2017-18 में स्वयं के कर राजस्व में कुल 13.29 *प्रतिशत* की वृद्वि मुख्यतः 'राज्य आबकारी' (₹ 3,047 करोड़), 'स्टाम्प एवं पंजीकरण' (₹ 1,834 करोड़), 'वाहनों पर कर' (₹ 1,255 करोड़), 'भू–राजस्व' (₹ 576 करोड़) तथा 'विद्युत कर एवं शुल्क' (₹ 568 करोड़) में वृद्वि के कारण हुई।
- विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2017-18 में बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर में ₹ 20,770 करोड़ की कमी हुई क्योंकि यह कर वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) में समाहित किया गया जो कि 1 जुलाई 2017 से क्रियान्वित किया गया गया। यद्यपि, वर्ष के दौरान राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एस.जी.एस.टी.) के अन्तर्गत ₹ 25,374 करोड़ का संग्रहण हुआ।
- राज्य आबकारी में वृद्वि देशी शराब (₹ 892 करोड़), भारत में निर्मित विदेशी शराब (₹ 795 करोड़) एव ंबीयर (₹ 279 करोड़) की बिक्री में वृद्वि के कारण हुई। राज्य आबकारी विभाग को वर्ष के दौरान ₹ 373 करोड़ की प्राप्ति वर्ष 2018-19 में दुकानों के लिये ई–लाटरी टेण्डर प्रक्रिया अपनाने के कारण भी प्राप्त हुआ।
- 'स्टाम्प एवं पंजीकरण' के अन्तर्गत प्राप्तियों में वृद्वि मुख्यतः भूमि के वार्षिक पुनरीक्षित सर्किल रेट, रजिस्ट्री प्रपत्रों के शुल्क से अधिक प्राप्तियों (58 *प्रतिशत*) तथा न्यायिक एवं न्यायिकेत्तर स्टैम्प्स की बिक्री (23 *प्रतिशत*) के कारण हुई। 'विद्युत कर एवं शुल्क' की प्राप्तियों में वृद्वि विद्युत का उपभोग एवं बिक्री पर अधिक कर संग्रहण (41 *प्रतिशत*) के कारण हुई।
- वर्ष 2017-18 में राज्य के स.रा.घ.उ. के सापेक्ष स्वयं का कर राजस्व 7.08 *प्रतिशत* था जो अन्य राज्यों जैसे छत्तीसगढ़ (6.82 *प्रतिशत*), मध्य प्रदेश (6.34 *प्रतिशत*), राजस्थान (6.02 *प्रतिशत*), गुजरात (5.42 *प्रतिशत*), झारखण्ड (4.84 *प्रतिशत*) एवं बिहार (4.74 *प्रतिशत*) की तुलना में अधिक था।

Lo;a dk djsrj jktLo

वर्ष 2013-18 की अवधि में करेतर राजस्व की प्राप्तियों का विवरण **lkj.kh 1.10** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.10: Lo;a dk djsrj jktLo ,oa blds eq[; ?kVd

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	o"kZ 2016-17 dh lkis{k o"kZ 2017-18 esa fHkUurk ¼*izfr'kr*½
अलौह खनन एवं धातुकर्म उद्योग	913 (6)	1,029 (5)	1,222 (5)	1,548 (5)	3,259 (16)	110.53
ऊर्जा	1,061(6)	966 (5)	1,322(6)	2,939 (10)	4,696(24)	59.78
ब्याज प्राप्तियाँ	1,619 (10)	2,303 (12)	633 (3)	1,165 (4)	1,093 (6)	(-) 6.18
विविध सामान्य सेवायें	3,194 (19)	6,400 (32)	4,949 (21)	4,460 (15)	4,841 (24)	8.54
मध्यम सिंचाई	325 (2)	326 (1)	557 (3)	652 (2)	834 (4)	27.91
शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति	6,414 (39)	5,799 (29)	10,652 (46)	14,092 (49)	432 (2)	(-)96.93
अन्य करेतर प्राप्तियाँ	2,924 (18)	3,112 (16)	3,800 (16)	4,088 (15)	4,640 (24)	(-)13.50
;ksx	**16,450**	**19,935**	**23,135**	**28,944**	**19,795**	**(-) 31.61**

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे) (कोष्ठक के आंकड़े करों के संग्रह की कुल कर से प्रतिशतता है)

वर्ष 2016-17 के सापेक्ष वर्ष 2017-18 में स्वयं के करेतर प्राप्तियों में 31.61 *प्रतिशत* धनराशि ₹ 9,149 करोड़ की कमी हुई। यह मुख्यतः 'शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति' शीर्ष के अन्तर्गत प्राप्तियों के कम होने के कारण था, जिसका वास्तविक कारण यह था कि वर्ष 2017-18 में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नियुक्त शिक्षकों को वेतन के लिये की जाने वाली प्रतिपूर्ति को प्राथमिक शिक्षा विभाग के व्यय में कमी के रूप में लेखांकित किया गया जबकि पूर्व में यह राज्य के करेतर प्राप्तियों के रूप में दर्शाया जाता था। अग्रेतर, अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग के अन्तर्गत खनिज रियायती शुल्क, किराया एवं रॉयल्टी (186 *प्रतिशत*) में अधिक प्राप्तियाँ मुख्यतः विभिन्न खनिजों के रॉयल्टी/स्थिर किराये की दर के पुनरीक्षित होने के कारण था।

1.4.1.2 Hkkjr ljdkj ls iklr lgk;rk vuqnku

राज्य सरकार वित्त आयोग की संस्तुति पर भारत सरकार से सहायता अनुदान एवं संघीय करों एवं शुल्कों में अंश प्राप्त करती है। भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान का विवरण lkj.kh **1.11** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.11: Hkkjr ljdkj ls iklr lgk;rk vuqnku

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k (mi eq[; 'kh"k)	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
आयोजनेत्तर अनुदान (01)	7,934	6,809	8,274	9,335	-
राज्य आयोजनागत योजनाओं हेतु अनुदान (02)	6,595	6,577	1,933	232	-
केन्द्रीय आयोजनागत योजनाओं हेतु अनुदान (03)	226	17	16	56	-
केन्द्रीय पुरोनिधानित आयोजनागत योजनाओं हेतु अनुदान (04)	7,650	19,289	21,638	22,914	-
केन्द्रीय पुरोनिधानित योजनाओं हेतु अनुदान (06)	-	-	-	-	27,731
वित्त आयोग अनुदान (07)	-	-	-	-	8,849
अन्य हस्तांतरण/अनुदान (08)	-	-	-	-	4,068
dqy vuqnku	**22,405**	**32,692**	**31,861**	**32,537**	**40,648**
विगत वर्ष से वृद्धि/कमी की प्रतिशतता	29.22	45.91	(-) 2.54	2.12	24.93
राजस्व प्राप्तियाँ	1,68,214	1,93,422	2,27,076	2,56,875	2,78,775
राजस्व प्राप्तियों में कुल अनुदान की प्रतिशतता	13.32	16.90	14.03	12.67	14.58

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

1 अप्रैल 2017 से प्रभावी महालेखा नियंत्रक द्वारा उपशीर्षों में सुधार किये जाने के कारण राज्य सरकार ने वर्ष 2017-18 में विभिन्न उपशीर्षों 'केन्द्रीय पुरोनिधानित योजनाओं हेतु अनुदान' (₹ 27,731 करोड़), 'वित्त आयोग अनुदान' (₹ 8,849 करोड़) एवं 'अन्य हस्तांतरण/ अनुदान' (₹ 4,068 करोड़) के अन्तर्गत सहायता अनुदान प्राप्त किया। विगत वर्ष के सापेक्ष वर्ष 2017-18 में सहायता अनुदान में ₹ 8,111 करोड़ की वृद्धि मुख्यतः जी.एस.टी. के क्रियान्वयन होने के कारण राजस्व की हानि की प्रतिपूर्ति (₹ 2,124 करोड़) दिये जाने के कारण, ग्राम्य विकास (₹ 1,464 करोड़), पंचायती राज एवं युवा कल्याण (₹ 1,579 करोड़), नगर विकास (₹ 1,247 करोड़), बुन्देलखण्ड परियोजना (₹ 917 करोड़) तथा केन्द्रीय सड़क निधि (₹ 671 करोड़) के लिये अनुदान में वृद्धि के कारण हुई।

1.4.1.3 dUnªh; dj gLrkarj.k

भारत सरकार संघीय करों एवं शुल्कों जैसे आयकर, सेवाकर, संघीय उत्पाद शुल्क आदि (वर्ष 2017-18 से केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर एवं एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर भी) में राज्य का अंश हस्तांतरित करती है। वर्ष 2013-18 की अवधि में केन्द्रीय कर हस्तांतरण की प्रवृत्तियाँ lkj.kh **1.12** में प्रस्तुत की गई है।

lkj.kh **1.12:** dUæh; dj gLrkarj.k

(₹ djksM+ esa)

fooj.k	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**
कुल केन्द्रीय कर हस्तांतरण	**62,777**	**66,623**	**90,974**	**1,09,428**	**1,20,939**
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवाकर	-	-	-	-	1,718
एकीकृत वस्तु एवं सेवाकर	-	-	-	-	12,212
सेवा कर	10,227	9,822	15,682	17,515	13,719
निगम कर से भिन्न आय पर कर	13,902	16,614	19,815	24,394	31,280
संघीय उत्पाद शुल्क	7,234	6,084	12,206	17241	12,761
निगम कर	21,113	23,265	28,603	35099	37,043
सम्पत्ति पर कर	58	63	8	81	(-)2
सीमा शुल्क	10,243	10,775	14,587	15,098	12,208
वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क	0	0	73	0	0

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

कुल केन्द्रीय कर हस्तांतरण, ₹ 1,20,939 करोड़ में से ₹ 13,930 करोड़ एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर तथा केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के कारण थी। वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 में केन्द्रीय कर हस्तांतरण में कुल वृद्धि ₹ 11,511 करोड़ (11 *प्रतिशत*) थी।

1.4.1.4 oLrq ,oa lsok dj ¼th-,l-Vh-½

राज्य सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम लागू किया, जो जुलाई 2017 से प्रभावी हुआ। वस्तु एवं सेवा कर (राज्यों की क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017 के अन्तर्गत जी.एस.टी. लागू किये जाने के कारण राज्यों के राजस्व घाटे की क्षतिपूर्ति केन्द्र सरकार पाँच वर्षों की अवधि के लिये करेगी। जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत जी.एस.टी.में सम्मिलित करों के लिये राजस्व आकड़ों का आधार वर्ष 2015-16 माना गया था। राज्य के किसी वर्ष के अनुमानित राजस्व की गणना उस राज्य के आधार वर्ष राजस्व पर (14 *प्रतिशत* प्रतिवर्ष) अनुमानित वृद्धि दर लगाने हेतु की जायेगी।

वर्ष 2017-18 के लिये जी.एस.टी. के अन्तर्गत राजस्व आंकड़े यथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एस.जी.एस.टी.), एस.जी.एस.टी. कर इनपुट टैक्स क्रेडिट क्रास युटिलाइजेशन एवं आई.जी.एस.टी. (एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर), आई.जी.एस.टी. का विभाजन–एस.जी.एस.टी. के कर घटक का अंतरण एवं आई.जी.एस.टी. का अग्रिम विभाजन, वित्त लेखे में प्राप्तियों के रूप में दर्शाया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रकरण में आधार वर्ष 2015-16 के दौरान सम्मिलित करों का राजस्व ₹ 33,359 करोड़ था। इस प्रकार जुलाई 2017 से मार्च 2018 के लिये आधार वर्ष आकड़ों के अनुसार वर्ष 2017-18 में अनुमानित राजस्व

₹ 32,514.75 करोड़ था, जिसके सापेक्ष एस.जी.एस.टी. के रूप में ₹ 25,374 करोड़ संग्रह हुआ था। इस धनराशि में भारत सरकार से आई.जी.एस.टी. अनन्तिम/अग्रिम समाधान के रूप में प्राप्त ₹ 1,460 करोड़ सम्मिलित था। यह इस शर्त के साथ था कि उक्त धनराशि का समायोजन वर्ष 2018-19 में माह अप्रैल 2018 से दस समान मासिक किश्तों में आई.जी.एस.टी. के नियमित समाधान से किया जायेगा।

1.4.2 iwathxr vuHkkx ds vUrxZr izkfIr;k¡

वर्ष 2013-18 की अवधि में पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत प्राप्तियों की प्रवृत्तियाँ lkj.kh **1.13** में दर्शायी गई है।

lkj.kh 1.13: iwathxr vuHkkx ds vUrXkZr izkfIr;ksa dh izo`fRr;k¡

¼₹ djksM+ esa½

iwathxr vuHkkx ds vUrXkZr jkT; dh izkfIr;ksa ds lzksr	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
iwathxr vuHkkx ds vUrXkZr izkfIr;k¡	**15,489**	**35,782**	**75,240**	**67,944**	**47,653**
ऋण एवं अग्रिमों की वसूली	589	262	726	259	236
लोक ऋण प्राप्तियाँ	14,900	35,520	74,514	67,685	47,417
पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत गैर ऋण प्राप्तियों की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	41	(-)56	177	(-)64	(-)9
पूंजीगत अनुभाग के अन्तर्गत ऋण प्राप्तियों की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	(-)5	138	110	(-)9	(-)30

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षो के वित्त लेखे)

राज्य की कुल ₹ 47,417 करोड़ की लोक ऋण प्राप्तियों में से ₹ 1,103 करोड़ भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम तथा शेष ₹ 46,314 करोड़ राज्य सरकार का आन्तरिक ऋण था।

1.4.2.1 vkUrfjd lzksrksa ls jkT; ljdkj dh _.k izkfIr;k¡

वर्ष 2013-14 से वर्ष 2017–18 तक की अवधि में आन्तरिक स्रोतों से प्राप्त ऋणों का विवरण lkj.kh **1.14** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.14: vkUrfjd lzksrksa ls jkT; ljdkj dh _.k izkfIr;k¡

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
बाजार ऋण	8,000	17,500	30,000	41,050	41,600
भारतीय रिजर्व बैंक से अर्थोपाय अग्रिम	8	1,732	4,499	8,695	2,933
वित्तीय संस्थानों से ऋण	1,494	7,176	31,669	16,909	1,781
राष्ट्रीय अल्प बचत निधि को जारी विशेष प्रतिभूतियॉं	5,008	8,626	7,752	0	0
;ksx	**14,510**	**35,034**	**73,920**	**66,654**	**46,314**
आन्तरिक ऋण प्राप्तियों की कुल लोक ऋण एवं अन्य दायित्वों की प्राप्तियों से प्रतिशतता	26.35	49.03	65.12	58.90	51.43

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षो के वित्त लेखे)

वर्ष 2017-18 में वित्तीय संस्थानों से ऋण एवं राष्ट्रीय अल्प बचत निधियों को जारी विशेष प्रतिभूतियों में कमी होने के कारण आन्तरिक स्त्रोतों से ऋण प्राप्तियॉ कम होकर ₹ 46,314 करोड़ हो गयी।

वर्ष 2014-17 की अवधि में वित्तीय पुनर्संरचना योजना (उदय) के अन्तर्गत वर्ष 2015-16 (₹ 24,332 करोड़) एवं वर्ष 2016-17 (₹ 14,801 करोड़) के बॉण्ड जारी करके लिये गये ऋणों के कारण आन्तरिक स्त्रोतों से त्रण प्राप्तियों में वृद्धि होकर ₹ 35,034 करोड़ से ₹ 66,654 करोड़ हो गयी जिसके कारण वित्तीय संस्थानों से ऋण के साथ–साथ लोक ऋण प्राप्तियों में भी वृद्धि हुई।

राज्य द्वारा निवेशों पर प्राप्त ब्याज से अधिक दर पर उधार लेने के प्रभाव का वर्णन iLrj **1.8.4** में किया गया है।

1.4.2.2 Hkkjr ljdkj ls izkIr _.k ,oa vfxze

वर्ष 2013-18 की अवधि में राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से प्राप्त ऋणों एवं अग्रिमों का विवरण lkj.kh **1.15** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.15:** Hkkjr ljdkj ls izkIr _.k ,oa vfxze

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
भारत सरकार से प्राप्त ऋण एवं अग्रिम	390	486	594	1,031	1,103

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

1.4.3 yksd ys[kk izkfIr;k¡

अल्प बचत, भविष्य निधि और आरक्षित निधियाँ आदि जो समेकित निधि के अंग नहीं हैं, से सम्बन्धित प्राप्तियाँ एवं संवितरण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 266(2) के अन्तर्गत स्थापित लोक लेखे में रखे जाते हैं एवं ये विधायिका के मत पर आधारित नहीं होते हैं। इनके सम्बन्ध में सरकार बैंकर अथवा ट्रस्टी का काम करती है। वित्त लेखे के fooj.k&**21** मे लोक लेखे की प्राप्तियों एवं संवितरण की स्थिति दी गयी है तथा लोक लेखे (निवल) का विवरण lkj.kh **1.16** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.16:** yksd ys[kk ¼fuoy½ dh fLFkfr

¼₹ djksM+ esa½

fofHkUu 'kh"kksZa ds vUrxZr lalk/ku	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
yksd ys[kk ¼fuoy½	**5,619**	**2,185**	**1,678**	**9,883**	**6,088**
क. अल्प बचत, भविष्य निधि आदि	2,363	1,686	1,534	1,619	2,530
ख. आरक्षित निधि	7,954	(-) 2,694	2,561	7,225	8,265
ग. जमा एवं अग्रिम	5,037	1,050	(-)1,543	(-)301	1,414
घ. उचन्त एवं विविध	(-) 9,637	535	(-)677	592	(-)2,215
ड. प्रेषण	(-) 98	1,608	(-)197	748	(-)3,906

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

आरक्षित निधियों के अन्तर्गत लेन–देनों के प्रभाव का वर्णन iLrj **1.9.2** में किया गया है।

1.5 jktLo cdk;k

31 मार्च 2018 को कुछ मुख्य शीर्षों के अन्तर्गत राजस्व बकाया ₹ 22,457.97 करोड़ में से ₹ 10,516.93 करोड़ पाँच वर्षों से अधिक समय से बकाया थे। विभागों द्वारा प्राप्त सूचनाओं को **lkj.kh 1.17** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.17: jktLo cdk;k

¼₹ djksM+ esa½

Ø- l-	jktLo dk 'kh"kZ	foHkkx dk uke	31 ekpZ 2018 dks dqy cdk;k /kujkf'k	ikap o"kksZa ls vf/kd vof/k ls cdk;k /kujkf'k
1.	वाणिज्यिक कर	बिक्री कर विभाग	21,548.61	10,257.17
2.	मनोरंजन कर	मनोरंजन एवं बाजीकर विभाग	348.74	13.14
3.	राज्य आबकारी	आबकारी विभाग	52.37	52.08
4.	स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क	स्टाम्प और पंजीकरण विभाग	398.47	140.71
5.	वाहनों, वस्तुओं एवं यात्रियों पर कर	परिवहन विभाग	109.78	53.83
		;ksx	**22,457.97**	**10,516.93**

(स्रोतः सम्बन्धित विभाग)

***laLrqfr:** वित्त विभाग को राजस्व बकाया के त्वरित संग्रह हेतु प्रणाली विकसित करनी चाहिये।*

1.6 laxzg dh ykxr

वर्ष 2017-18 में मुख्य राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष संग्रह तथा संग्रह पर लागत का विवरण **lkj.kh 1.18** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.18: laxzg dh ykxr

fooj.k	ldy laxzg	laxzg ij O;;	laxzg ij fd;s x;s O;; dh ldy laxzg ds lkFk izfr'krrk	foxr o"kZ esa vf[ky Hkkjrh; Lrj ij vkSlr
	¼₹ djksM+ esa½			
बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर	56,487	790	1.40	0.69
स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क	13,398	268	2.00	2.99
राज्य आबकारी	17,320	188	1.09	2.01
वाहनों पर कर	6,404	169	2.67	2.61

(स्रोतः सम्बन्धित विभाग एवं वित्त लेखे)

यद्यपि, राज्य आबकारी और स्टाम्प तथा पंजीकरण शुल्क की संग्रह लागत विगत वर्ष के अखिल भारतीय औसत संग्रह लागत के सापेक्ष कम थी तथापि वाहनों पर कर की संग्रह लागत अखिल भारतीय औसत संग्रह लागत से अधिक थी जबकि मूल्य संवर्धित कर, वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य समाहित करों पर राज्य सरकार की संग्रह लागत अखिल भारतीय स्तर पर औसत लागत का लगभग दोगुना है।

बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर की प्रवृत्ति का विश्लेषण, उ.प्र. के सकल राज्य घरेलू उत्पाद से अनुपात, संघीय कर (राज्य बिक्री कर के अन्तर्गत प्राप्तियाँ) के सकल घरेलू

उत्पाद के अनुपात से भी तुलनात्मक रूप से उच्च अनुपात दर्शाता है जैसा कि lkj.kh **1.19** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.19:** l-jk-?k-m- vuqikr dk lkis{k fcØh] O;kikj rFkk jkT; oLrq ,oa lsok dj

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
बिक्री, व्यापार इत्यादि तथा वस्तु एवं सेवाकर (₹ करोड़ में)	39,645	42,935	47,692	51,883	56,487
वस्तु एवं सेवा कर सहित बिक्री, व्यापार इत्यादि पर कर का उ.प्र. का स.रा.घ.उ. से अनुपात	0.04	0.04	0.04	0.04	0.04
संघीय कर (राज्य बिक्री कर के अन्तर्गत प्राप्तियाँ) का स.घ.उ. से अनुपात	0.01	0.02	0.02	0.02	0.01

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के राज्य वित्त लेखे एवं संघीय वित्त लेखे)

बिक्री, व्यापार इत्यादि तथा वस्तु एवं सेवा कर के वास्तविक संग्रह की प्रवृत्ति की अग्रेतर समीक्षा भी यह दर्शाती है कि वास्तविक संग्रह हमेशा बजट अनुमानों से कम रहा है, जैसा कि lkj.kh **1.20** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.20:** ctV vuqeku ,oa okLrfod O;; dh izofRr;k

¼₹ djksM+ esa½

fcØh] O;kikj bR;kfn ij dj	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
बजट अनुमान	43,936	47,500	52,673	57,940	68,000
वास्तविक	39,645	42,934	47,692	51,883	56,487

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे एवं बजट प्रपत्र)

विगत पाँच वर्षों में बिक्री, व्यापार इत्यादि तथा वस्तु एवं सेवा कर के संग्रह में कमी अनुमानों तथा वास्तविक कर संग्रह में असमानता के स्तर को दर्शाता है।

lLrqfr: वित्त विभाग तथा बिक्री कर विभाग को इसकी समीक्षा करनी चाहिए कि मूल्य संवर्धित कर, वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य समाहित करों *की संग्रह लागत अखिल भारतीय स्तर से लगभग दोगुनी क्यों है तथा संग्रह लागत को कम करने के उपाय करने चाहिए।*

1.7 lalk/kuksa dk vuqiz;ksx

1.7.1 O;; dk la?kVu ,oa muesa of) ;k

pkVZ **1.7** एवं pkVZ **1.8** वर्ष 2013-18 की अवधि में क्रमशः कुल व्यय की प्रवृतियों एवं संघटन को प्रस्तुत करता है।





(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

1.7.1.1 jktLo 0;;

राजस्व व्यय का विवरण lkj.kh **1.21** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.21: jktLo 0;; dk fooj.k

₹ djkM+ e½

fooj.k	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**
राजस्व व्यय	1,58,147	1,71,027	2,12,736	2,36,592	2,66,224
राजस्व व्यय की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	12.38	8.14	24.39	11.21	12.52

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

वर्ष 2016-17 के सापेक्ष वर्ष 2017-18 के राजस्व व्यय में ₹ 29,632 करोड़ (13 *प्रतिशत*) की समग्र वृद्धि हुई थी। वर्ष 2017-18 में वृद्धि मुख्यतः फसल कृषिकर्म[11]

[11] वृद्धि मुख्य रूप से छोटे तथा सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण माफी योजना पर खर्च के कारण हुई थी।

(₹ 21,500 करोड़), पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति हितलाभ (₹ 10,250 करोड़), ब्याज भुगतान (₹ 2,200 करोड़), पुलिस (₹ 1,767 करोड़), चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य (₹ 1,600 करोड़), शहरी विकास (₹ 1,216 करोड़), लोक निर्माण (₹ 942 करोड़) एवं लघु सिंचाई (₹ 740 करोड़) के अन्तर्गत हुई थी। विगत वर्ष के सापेक्ष कमी मुख्यतः ऊर्जा[12] (52 *प्रतिशत*) तथा सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण[13] (28 *प्रतिशत*) के अन्तर्गत थी।

1.7.1.2 opuc) 0;;

राजस्व मद के अन्तर्गत सरकार के वचनबद्ध व्यय में मुख्यतः ब्याज भुगतान (₹ 29,136 करोड़), वेतन एवं भत्तों पर व्यय (₹ 85,076 करोड़), पेंशन (₹ 38,476 करोड़) तथा सब्सिडी (₹ 9,284 करोड़) सम्मिलित है। वर्ष 2013-18 की अवधि में वचनबद्ध व्यय की प्रवृत्ति **lkj.kh 1.22** में प्रस्तुत की गयी है।

lkj.kh 1.22: opuc) 0;;k d ?kVdk dh izofRr

¼₹ djkM+ e½

opuc) 0;;k d ?kVd	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	
					ctV vueku	okLrfod 0;;
oru* ,o etnjh] ftlea l	**54,892 (33)**	**62,147 (32)**	**74,439 (33)**	**85,416 (33)**	**95,080**	**85,076 (31)**
आयोजनेत्तर शीर्ष	47,654	51,195	58,537	66,424		
आयोजनागत शीर्ष**	7,238	10,952	15,902	18,992		
C;kt Hkxrku	**17,412 (10)**	**18,865 (10)**	**21,448 (9)**	**26,936 (11)**	**33,212**	**29,136 (10)**
isa'ku ij 0;;	**19,521 (12)**	**22,305 (11)**	**24,150 (11)**	**28,227 (11)**	**35,889**	**38,476 (14)**
lfClMh	**6,608 (4)**	**7,661 (4)**	**7,691 (3)**	**8,045 (3)**	**10,060**	**9,284 (3)**
opuc) 0;; dk ;kx	**98,433 (59)**	**1,10,978 (57)**	**1,27,728 (56)**	**1,48,624 (58)**	**1,74,241**	**1,61,972 (58)**

इस मद में राजस्व प्राप्तियों से प्रतिशत कोष्ठक में अंकित किये गये है।
*सहायता अनुदान से भुगतानित वेतन भी सम्मिलित है।
** वर्ष 2017-18 से आयोजनागत एवं आयोजनेत्तर के विभाजन का विलय हो गया है।

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे एवं महालेखाकार (ले. एवं हक.) द्वारा संकलित आंकड़े)

वर्ष 2017-18 में वचनबद्ध व्यय (₹1,61,972 करोड़), जो राजस्व प्राप्ति (₹ 2,78,775 करोड़) का 58 *प्रतिशत* थे, राजस्व व्यय का एक प्रमुख घटक रहा और राजस्व व्यय (₹ 2,66,224 करोड़) के 61 *प्रतिशत* का उपभोग किया।

1.7.1.3 ifjHkkf"kr vi'knk;h isa'ku ;kstuk

1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद भर्ती किए गए राज्य सरकार के कर्मचारी परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के तहत आच्छादित हैं। यह नियम सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों और सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वायत्त निकायों के नए प्रवेशकों पर भी

[12] ऊर्जा विभाग में 'अन्य व्यय' शीर्ष के अन्तर्गत (₹ 7,533 करोड़ की कमी)
[13] मुख्यतः 'जनजातीय क्षेत्र उप–योजना' एवं अनुसूचित जाति के लिए विशेष घटक योजना के अन्तर्गत (₹ 3,840 करोड़ की कमी)।

लागू होता है। योजना के संदर्भ में, सरकारी कर्मचारी मूल वेतन और महंगाई भत्ते का 10 *प्रतिशत* योगदान करते हैं, जिसमें राज्य सरकार द्वारा समान मैचिंग शेयर मिलाया जाता है और सम्पूर्ण धनराशि नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित निधि प्रबंधक को हस्तांतरित की जाती है।

राज्य सरकार ने अपने वैधानिक दायित्व का निर्वहन नहीं किया क्योंकि वह वित्तीय वर्ष 2017-18 में सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों और स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के संबंध में परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा समान मैचिंग शेयर के रूप में ₹ 465.10 करोड़ का योगदान करने में विफल रही। विगत वित्तीय वर्षों 2008-09 से 2016-17 की अवधि में राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों और स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के संबंध में परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के तहत इसके मैचिंग शेयर के रूप में ₹ 211.69 करोड़ का अंशदान नहीं किया ।

अग्रेतर, राज्य सरकार ने वर्ष 2008-09 से वर्ष 2017-18 की अवधि में परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों, सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों और स्वायत्त निकायों के कर्मचारियों के एवं राज्य सरकार के अंशदान के रूप में ₹ 8,205.66 करोड़ रुपये एकत्र किए, लेकिन योजना के प्रावधानों के अनुसार आगे निवेश के लिए नामित प्राधिकारी को ₹ 703.16 करोड़ जमा नहीं किए। इस प्रकार, 31 मार्च 2018 को, निर्दिष्ट प्राधिकारी को ₹ 1,379.95 करोड़ (₹465.10 करोड़+ ₹ 211.69 करोड़ + ₹703.16 करोड़) का कम हस्तान्तरण किया गया और वर्तमान देयता को भविष्य के वर्ष (ओं) के लिए आस्थगित किया गया। इसके अलावा, राज्य सरकार ने भविष्य में कर्मचारियों को देय लाभ के संबंध में अनिश्चितता पैदा की/सरकार के लिए भविष्य में परिहार्य वित्तीय देयता सृजित की और इस प्रकार स्वयं ही योजना को संभावित विफलता की ओर अग्रसर किया।

वर्ष 2017-18 के प्रारंभ में निर्धारित अंशदायी पेंशन योजना के सापेक्ष ₹ 545.68 करोड़, ब्याज सहित जमा खाते में अवशेष था जिसके लिए राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के जी.पी.एफ. की ब्याज दर पर लागू वार्षिक ब्याज दर के आधार पर आगणित ₹ 25.78 करोड़ ब्याज का भुगतान किया था। यद्यपि, अवशेष राशि पर भुगतान किए गए ब्याज की पर्याप्तता को जाँचा नहीं जा सका, क्योंकि पेंशन निदेशालय ने लेखापरीक्षा जॉच के लिए संबंधित गणना प्रपत्र प्रदान नहीं किया।

संस्तुतिः राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए तुरन्त कार्यवाही प्रारम्भ करनी चाहिए कि 1 अप्रैल 2005 को या उसके बाद भर्ती होने वाले कर्मचारियों को उनकी भर्ती की तिथि से अंशदायी पेंशन योजना के अन्तर्गत पूर्ण रूप से आच्छादित किया जाये। यह इस प्रकार सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कर्मचारियों के वेतन से कटौती पूरी तरह से की जाए, सरकार द्वारा अपना पूर्ण योगदान देते हुए समयबद्ध तरीके से एन.एस.डी.एल. के माध्यम से नामित फण्ड मैनेजर को सम्पूर्ण रूप से स्थानान्तरित कर दिया जाए।

1.7.1.4 ithxr O;;

पूंजीगत व्यय का विवरण lkj.kh **1.23** में प्रस्तुत किया गया है।

lkj.kh 1.23: iwathxr O;; dk fooj.k

¼₹ djkM+ e½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
पूंजीगत व्यय	32,863	53,297	64,423	69,789	39,088
पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	37.88	62.18	20.88	8.33	(-) 43.99
वर्तमान मूल्यों पर स.रा.घ.उ. के सापेक्ष पूंजीगत व्यय की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	3.49	5.27	5.67	5.58	2.84

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

कुल ₹ 39,088 करोड़ के पूंजीगत व्यय में से राज्य सरकार ने ₹ 8,380 करोड़ सांविधिक निगमों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं सहकारी समितियों में निवेश किया जिसमें से ₹ 8,271 करोड़ ऊर्जा क्षेत्र के उपक्रमों में ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युतीकरण वितरण नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, हर घर बिजली योजना आदि में अंश पूँजी के रूप में निवेशित था। अन्य मुख्य क्षेत्र जिसमें सड़क एवं पुल पर ₹ 7,635 करोड़, ग्रामीण विकास कार्यक्रम पर ₹ 2,313 करोड़, आवास पर ₹ 5,617 करोड़, जलापूर्ति एवं स्वच्छता पर ₹ 1,811 करोड़ तथा लोक निर्माण कार्य पर ₹ 1,010 करोड़ का व्यय समाहित था।

विगत वर्ष की तुलना में पूंजीगत व्यय में ₹ 30,701 करोड़ (44 *प्रतिशत*) की कमी आई थी। कमी मुख्य रूप से सड़कों और पुलों, खाद्य भण्डारण एवं भण्डागार, आवास एवं वन तथा वन्य जीवन के अन्तर्गत थी, जैसा कि lkj.kh **1.24** में प्रदर्शित है।

lkj.kh 1.24: o"k 2017-18 e iwthxr O;; e deh dk fooj.k

O;; d e[; 'kh"k	Ok"k 2016-17 Lk iwthxr O;; e deh		Ok"k 2016-17 dh rqyuk e o"k 2017-18 e iwthxr O;; e deh dk e[; dkj.k
	¼₹ djkM+ e½	ifr'kr	
5054-सड़कों एवं पुलों पर पूंजीगत परिव्यय	14,724	66	राज्य राजमार्गों एवं जिले की सड़कों पर उच्चीकरण के निर्माण पर व्यय में कमी।
4801- ऊर्जा परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय	3,369	29	उत्तर प्रदेश राज्य उत्पादन निगम में निवेश एवं उ.प्र. पावर कारपोरेशन लिमिटेड के सुदृढ़ीकरण एवं वितरण हेतु शेयर कैपिटल पर व्यय में कमी; 2017-18 में उदय पर कोई व्यय नहीं।
4408-खाद्य भण्डारण एवं भण्डागार पर पूंजीगत परिव्यय	1,748	61	खाद्य अनाज की आपूर्ति परियोजना पर व्यय में कमी के कारण।
4700- वृहद सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय	1,586	44	अपर गंगा नहर, लोअर गंगा नहर, शारदा नहर एवं शारदा सहायक नहर आदि पर व्यय में कमी।
4202-शिक्षा, खेलकूद, कला एवं संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय	1,080	55	राजकीय विद्यालयों एवं राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना पर व्यय में कमी।
4216-आवास पर पूंजीगत परिव्यय	1,045	16	लोहिया ग्रामीण आवास योजना, आसरा योजना एवं राजकीय आवासीय भवनों के निर्माण पर व्यय में कमी।
4406-वन एवं वन्य जीवन पर पूंजीगत परिव्यय	491	67	हरित पट्टी विकास योजना, सामाजिक वानिकी एवं वानिकी सम्बन्धित परियोजनाओं पर व्यय में कमी।

(स्रोतः वित्त लेखे 2017-18)

वर्ष 2017-18 में राज्य के स.रा.घ.उ. के सापेक्ष पूंजीगत व्यय 2.84 *प्रतिशत* था, जो अन्य राज्यों जैसे बिहार (5.93 *प्रतिशत*), झारखण्ड (4.68 *प्रतिशत*), मध्य प्रदेश (4.37 *प्रतिशत*) एवं छत्तीसगढ़ (3.43 *प्रतिशत*) से कम था, लेकिन राजस्थान (2.45 *प्रतिशत*) एवं गुजरात (1.99 *प्रतिशत*) से अधिक था ।

1.7.2 0;;k dh xq.koRrk

व्यय की गुणवत्ता के अन्तर्गत मुख्यतः तीन पक्ष निहित होते हैं, नामतः व्यय की पर्याप्तता (उदाहरणार्थ : सार्वजनिक सेवायें उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त प्रावधान); व्यय के उपयोग की दक्षता एवं प्रभावकारिता (सेवाओं के परिव्यय–परिणाम सम्बन्धों का आकलन)।

1.7.2.1 ykd 0;; dh i;kZIrrk

वर्ष 2013-14 एवं वर्ष 2017-18 में राज्य सरकार की राजकोषीय प्राथमिकताओं के संदर्भ में विकास व्यय, सामाजिक सेवाओं पर व्यय तथा पूंजीगत व्यय की सामान्य श्रेणी के राज्यों से तुलना lkj.kh **1.25** में प्रस्तुत की गयी है।

lkj.kh **1.25: o"kZ 2013-14 ,oa 2017-18 esa** jkT; dh jktdks"kh; izkFkfedrk

¼*izfr'kr* esa½

jktdks"kh; izkFkfedrk ¼ldy jkT; ?kjsyw mRikn ls izfr'krrk½	,-bZ-@ l-jk-?k-m-	Mh-bZ-#@ ,-bZ-	,l-,l-bZ-@,-bZ-	bZ-,l-bZ-@,-bZ-	Lkh-bZ-@ ,-bZ-	,tqds'ku@ ,-bZ-	gsYFk@ ,-bZ-
सामान्य श्रेणी राज्यों* का औसत (अनुपात) 2013-14	14.7	66.5	37.6	28.9	13.6	17.2	4.5
उत्तर प्रदेश का औसत (अनुपात) 2013-14	20.5	60.9	35.4	25.5	17.1	16.7	4.8
सामान्य श्रेणी राज्यों* का औसत (अनुपात) 2017-18	16.1	67.9	36.7	29.6	14.4	15.5	4.9
उत्तर प्रदेश का औसत (अनुपात) 2017-18	22.3	60.8	31.3	29.5	12.7	15.3	5.5

ए.ई.: कुल व्यय, डी.ई.; विकास व्यय, एस.एस.ई.: सामाजिक क्षेत्र व्यय, ई.एस.ई.: आर्थिक क्षेत्र व्यय, सी.ई.: पूंजीगत व्यय।
* गोवा को छोड़कर।
#विकास व्यय में राजस्व विकास व्यय, पूंजीगत विकास व्यय और ऋण एवं अग्रिम संवितरण सम्मिलित है।

वर्ष 2017-18 में, स.रा.घ.उ. के सापेक्ष कुल व्यय का अनुपात और स्वास्थ्य सेवाओं पर व्यय का कुल व्यय के सापेक्ष अनुपात सामान्य श्रेणी के राज्यों के औसत से अधिक था। यद्यपि, विकास पर व्यय, शिक्षा पर व्यय और आर्थिक सेवाओं पर व्यय का कुल व्यय से अनुपात सामान्य श्रेणी के राज्यों से कम था। वर्ष 2017-18 के लिए सामाजिक सेवाओं के व्यय के अनुपात में गिरावट सामाजिक सेवाओं के व्यय में वर्ष 2013-18 की अवधि में कुल व्यय (59 *प्रतिशत*) में वृद्धि की तुलना में कम वृद्धि दर (41 *प्रतिशत*) होने के कारण थी।

1.7.2.2 0;; esa n{krk

सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं के रखरखाव पर पूंजीगत एवं राजस्व व्यय का विवरण lkj.kh **1.26** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.26:** p;fur lkekftd ,o vkfFkZd lokvk ij fd;s x;s O;; dh n{krk

lkekftd@vkfFkZd vo lajpuk	2016-17			2017-18		
	iwathxr O;; dk dqy O;; e vuqikr	jktLo O;; (₹ djksM+ e)		iwathxr O;; dk dqy O;; e vuqikr	jktLo O;; (₹ djksM+ e)	
		osru ,o etnwjh	ifjpkyu ,o vuqj{k.k		osru ,o etnwjh	ifjpkyu ,o vuqj{k.k
;ksx ¼lkekftd lok;½	15.54	55,711	269	12.08	50,533	393
;ksx ¼vkfFkZd lok;½	47.90	9,918	2,685	27.31	11,544	4,567
;ksx ¼lkekftd lok; $ vkfFkZd lok;½	30.76	65,629	2,954	19.46	62,077	4,960
lkekftd lokvk dk eq[; ?kVd						
सामान्य शिक्षा	3.72	46,892	28	1.99	40,757	13
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	18.51	7,002	144	12.49	8,050	152
जलापूर्ति, स्वच्छता एवं आवासीय तथा नगरीय विकास	64.44	153	68	52.63	159	204
vkfFkZd lokvk dk eq[; ?kVd						
कृषि एवं सम्बद्ध क्रियाकलाप	37.94	2,754	29	5.55	3,228	22
सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण	48.76	2,570	517	30.80	2,840	2,205
शक्ति एवं ऊर्जा	39.15	27	00	53.72	38	00
परिवहन	82.29	107	2,136	66.87	120	2,323

(स्रोतः वित्त लेखे एवं महालेखाकार (ले. एवं हक.) द्वारा संकलित वी.एल.सी. आंकड़े वर्ष 2016-17 एवं 2017-18)

विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2017-18 में कुल व्यय में पूंजीगत व्यय के योगदान में सामाजिक सेवाओं के अन्तर्गत 3.46 *प्रतिशत* एवं आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत 20.59 *प्रतिशत* की कमी रही। विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2017-18 में सामाजिक सेवाओं के अन्तर्गत कुल व्यय में पूंजीगत व्यय के अनुपात में कमी मुख्य रूप से जल आपूर्ति, स्वच्छता और नगरीय विकास (11.81 *प्रतिशत*) के क्षेत्र में थी। आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत, कृषि और संबद्ध गतिविधियों में 32.39 *प्रतिशत* की कमी थी।

वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 में राजस्व व्यय में वेतन और मजदूरी के योगदान में ₹ 3,552 करोड़ (पांच *प्रतिशत*) की कमी हुई। वर्ष 2016-17 की तुलना में वर्ष 2017-18 में राजस्व व्यय में परिचालन एवं अनुरक्षण पर हुये व्यय में ₹ 2,006 करोड़ (68 *प्रतिशत*) की वृद्धि हुई, जिसमें आर्थिक सेवाओं के अन्तर्गत ₹ 1,882 करोड़ (70 *प्रतिशत*) एवं सामाजिक सेवाओं के अन्तर्गत ₹ 124 करोड़ (40 *प्रतिशत*) की वृद्धि सम्मिलित थी।

1.7.2.3 fodkl ,o fodklsRrj O;;

राजस्व शीर्ष के व्यय, पूंजीगत परिव्यय तथा ऋण एवं अग्रिमों से सम्बन्धित सभी व्यय सामाजिक सेवाओं, आर्थिक सेवाओं एवं सामान्य सेवाओं की श्रेणी में आते हैं। सामान्यतः सामाजिक एवं आर्थिक सेवाओं पर किये गये व्यय विकास व्यय में सम्मिलित किए जाते हैं जबकि सामान्य सेवाओं पर किया गया व्यय विकासेत्तर व्यय माना जाता है।

वर्ष 2013-18 की अवधि में शासन द्वारा किये गये विकास एवं विकासेत्तर व्यय की वृद्धि दर lkj.kh **1.27** में प्रस्तुत की गयी है।

lkj.kh 1.27½ fodkl ,o fodklsRrj O;;

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
राजस्व व्यय	1,58,147	1,71,027	2,12,736	2,36,592	2,66,224
पूंजीगत व्यय	32,863	53,297	64,423	69,789	39,088
ऋण एवं अग्रिम	1,473	1,873	9,118	6,741	1,509
dqy O;;	**1,92,483**	**2,26,197**	**2,86,277**	**3,13,122**	**3,06,821**
विकास व्यय	1,17,209	1,46,705	1,98,456	2,08,290	1,86,578
विकास व्यय की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	20	25	35	5	(-)10
विकासेत्तर व्यय	75,274	79,492	87,821	1, 04,832	1,20,243
विकासेत्तर व्यय की वृद्धि दर (*प्रतिशत* में)	11	6	10	19	15

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

विकासेत्तर व्यय के सापेक्ष विकास पर व्यय में वर्ष 2015-16 में पर्याप्त वृद्धि हुई थी। इसके पश्चात् वर्ष 2017-18 में यह तेजी से घटकर ऋणात्मक 10 *प्रतिशत* तक हो गयी। विकासेत्तर व्यय की वृद्धि दर वर्ष 2013-14 में 11 *प्रतिशत* से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 19 *प्रतिशत* हो गयी थी परन्तु वर्ष 2017-18 में घटकर 15 *प्रतिशत* हो गयी ।

1.8 'kkldh; O;; ,oa fuos'k

1.8.1 flapkbZ fuekZ.k dk;ksZa dk foRrh; ifj.kke

तेरहवें एवं चौदहवें वित्त आयोग द्वारा सिंचाई परियोजनाओं की लागत वसूली दर (राजस्व व्यय के सापेक्ष राजस्व प्राप्तियाँ) का निर्धारण इन परियोजनाओं की वाणिज्यिक उपादेयता के आकलन हेतु किया गया था। वर्ष 2013-18 की अवधि में राज्य में सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति का विवरण lkj.kh **1.28** में प्रदर्शित है।

lkj.kh 1.28: flapkbZ ifj;kstukvksa dh ykxr olwyh nj

o"kZ	jktLo O;;	jktLo izkfIr;k¡	rsjgosa ¼2010-15½@ pkSngosa ¼2015-20½ foRr vk;ksx }kjk ykxr olwyh dk eY;kadu	jktLo O;; dh rqyuk esa jktLo izkfIr;ksa dh izfr'krrk	ykxr olwyh esa vUrj
	₹ djksM+ esa		*izfr'kr esa*		
2013-14	4,472	550	60	12	48
2014-15	5,009	397	75	8	67
2015-16	4,891	651	35	13	22
2016-17	5,230	782	35	15	20
2017-18	6,706	953	35	14	21

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे तथा तेरहवें वित्त आयोग एवं चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट)

लागत वसूली में अन्तर, जिसमें वर्ष 2015-16 एवं वर्ष 2016-17 में सुधार हुआ, परन्तु वर्ष 2017-18 में एक *प्रतिशत* की वृद्धि हुई। यद्यपि ये पड़ोसी राज्य बिहार (29 *प्रतिशत*) से बेहतर है, तथापि इसमें अन्य राज्यों छत्तीसगढ़ (-)76 *प्रतिशत* एवं मध्य प्रदेश (-)47 *प्रतिशत* की तुलना में और सुधार किया जाना है।

***laLrqfr:** राज्य सरकार को सिंचाई परियोजनाओं पर लागत वसूली में सुधार हेतु उपाय प्रारम्भ करना चाहिये।*

1.8.2 viw.kZ ifj;kstuk,¡

अपूर्ण कार्यों पर धनराशियों का अवरोधन व्यय की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। अपूर्ण कार्यो का विवरण, जैसा कि वित्त लेखे में दिया गया है, का सार **lkj.kh 1.29** में दर्शाया गया है।

lkj.kh 1.29: 31 ekpZ 2018 dks foHkkxokj viw.kZ ifj;kstukvksa dh fLFkfr

¼₹ djksM+ esa½

foHkkx	viw.kZ ifj;kstukvksa dh la[;k	izkjfEHkd ctV; ykxr	iqujhf{kr ykxr okyh ifj;kstukvksa dh la[;k	iqujhf{kr ifj;kstukvksa dh ykxr	
				izkjfEHkd ctV; ykxr	iqujhf{kr ctV; ykxr
लोक निर्माण (सड़कें एवं सेतु)	1,006	12,953	08	355	460
सिंचाई	59	5,344	01	657	1,514
;ksx	**1,065**	**18,297**	**09**	**1,012**	**1,974**

(स्रोतः वित्त लेखे वर्ष 2017-18 का परिशिष्ट IX)

कुल 1,065 अपूर्ण परियोजनाओं में से केवल नौ परियोजनाओं (बजटीय लागत में कुल वृद्धि 95 *प्रतिशत*) की बजटीय लागत पुनरीक्षित की गयी। राज्य सरकार द्वारा शेष अपूर्ण परियोजनाओं की लागत का मूल्यांकन नहीं किया गया अतः इन परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु धनराशि की आवश्यकता निर्धारित नहीं की जा सकी।

***laLrqfr:** लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग को परियोजनाओं की लागत में वृद्धि को कम करने एवं परियोजनाओं को नियत अवधि में पूर्ण करने हेतु प्रक्रिया तंत्र को विकसित करना चाहिए।*

1.8.3 fuos'k ,oa izfrQy

वर्ष 2013-18 की अवधि में निवेशों पर प्रतिफल[14] की स्थिति **lkj.kh 1.30** में दर्शायी गयी है।

lkj.kh 1.30: fuos'kksa ij izfrQy

fuos'k@izfrQy@fy;s x;s m/kkj dh ykxr	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
वर्ष के अन्त तक निवेश (₹ करोड़ में)	52,467	58,606	84,357	96,400	1,04,779
प्रतिफल (₹ करोड़ में)	5.23	8.08	42.66	86.34	30.84
प्रतिफल (*प्रतिशत*)	0.01	0.01	0.05	0.09	0.03
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर औसत ब्याज दर[15] (*प्रतिशत*)	6.43	6.40	6.35	6.82	6.54
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर ब्याज दर एवं निवेशों पर प्राप्त ब्याज में अन्तर (*प्रतिशत*)	6.42	6.39	6.30	6.73	6.51
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर ब्याज दर एवं निवेशों पर प्राप्त प्रतिफल में अन्तर के कारण अनुमानित हानि (₹ करोड़ में)	3,368	3,745	5,315	6,488	6,821

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

[14] सांविधिक निगमों, सरकारी कम्पनियों, सहकारी समितियाँ एवं बैंक।

[15] ब्याज भुगतान/[(विगत वर्ष की राजकोषीय देयताएं + वर्तमान वर्ष की राजकोषीय देयताएं)/2] x 100

विगत पाँच वर्षों की अवधि में सरकार की ऋण लागत तथा क्रियाशील सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में निवेशों के प्रतिफल में अन्तर के आधार पर ₹ 25,737 करोड़ की अनुमानित हानि हुई। क्रियाशील सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पी.एस.यू.) में निवेश पर प्रतिफल का आगणन नहीं किया जा सका। यह विशेष रूप से संज्ञान में लेने योग्य है कि निवेश पर कम प्रतिफल के बावजूद वित्त विभाग द्वारा उन सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को भी इक्विटी, ऋण, सहायता अनुदान/सब्सिडी के रूप में बजट के माध्यम से लगातार सहायता उपलब्ध कराई जाती रही, जिन्होंने कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप अपने लेखों को पूर्ण नहीं किया था, जिनका विस्तृत वर्णन iLrj **3.13** में किया गया है।

लाभांश नीति के अनुसार, सभी लाभ अर्जित करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अंश पूँजी के योगदान का न्यूनतम पांच प्रतिशत का लाभांश भुगतान करना आवश्यक था। यद्यपि, लाभ अर्जित करने वाले 20 सार्वजनिक उपक्रमों में से मात्र 11 ने ₹ 8.56 करोड़ के लाभांश की घोषणा की और शेष नौ लाभ अर्जित करने वाले सार्वजनिक उपक्रमों ने ₹ 540.36 करोड़ के लाभांश की घोषणा नहीं की, जैसा कि iLrj **3.14** में वर्णित है।

1.8.4 jkT; ljdkj }kjk _.k ,oa vfxe

सहकारी समितियों, निगमों तथा कम्पनियों में निवेश के साथ–साथ सरकार इनमें से कई संस्थाओं/संगठनों को ऋण तथा अग्रिम भी उपलब्ध करा रही थी। विवरण lkj.kh **1.31** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.31:** jkT; ljdkj }kjk cdk;k _.k ,oa vfxe rFkk C;kt izkfIr ,oa Hkqxrku

(₹ djksM+ esa)

fooj.k	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
_.kksa ,oa vfxeksa dh izkjfEHkd vo'ks"k	11,572	12,456	14,067	22,459	28,447
वर्ष के दौरान अग्रिम धनराशि	1,473	1,873	9,118	6,741	1,509
वर्ष के दौरान पुनर्भुगतानित धनराशि	589	262	726	259	236
_.kksa ,oa vfxeksa dh vafre vo'ks"k	12,456	14,067	22,459	28,447*	29,720
ऋणों एवं अग्रिमों में निवल वृद्धि	884	1,611	8,392	5,988	1,273
ब्याज प्राप्तियाँ	19	14	26	566	606
बकाया ऋणों एवं अग्रिमों के सापेक्ष ब्याज प्राप्तियों की प्रतिशतता[16]	0.15	0.10	0.12	1.99	2.08
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर औसत ब्याज दर[17] (*प्रतिशत*)	6.43	6.40	6.35	6.82	6.54
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर ब्याज दर और ऋणों पर ब्याज प्राप्तियों की दर के मध्य अन्तर (*प्रतिशत* में)	6.28	6.30	6.23	4.83	4.46
सरकार द्वारा लिये गये उधार पर ब्याज दर और ऋणों पर ब्याज प्राप्तियों के मध्य अन्तर के कारण हानि (₹ करोड़ में)	93	118	568	326	67

(स्रोतः सम्बन्धित वर्षों के वित्त लेखे)

(* ₹ 494 करोड़ जो संयुक्त उत्तर प्रदेश की अवधि का था, उत्तराखण्ड को आवंटित किया गया)

[16] ब्याज प्राप्ति/[(ऋण एवं अग्रिम का, प्रारम्भिक अवशेष + अन्तिम अवशेष)/2] x 100

[17] ब्याज भुगतान/[(विगत वर्ष की राजकोषीय देयताएं + वर्तमान वर्ष की राजकोषीय देयताएं)/2] x 100

वर्ष के दौरान कुल पुनर्भुगतानित धनराशि (₹ 236 करोड़) में से ₹ 102 करोड़ (43 *प्रतिशत*) सरकारी कर्मचारियों द्वारा पुनर्भुगतानित किये गये थे। विगत पाँच वर्षों की अवधि में सरकार द्वारा दिये गये ऋणों से प्राप्त ब्याज तथा लिये गये उधार पर भुगतानित ब्याज की धनराशि में अन्तर के आधार पर सरकार को ₹ 1,172 करोड़ की अनुमानित हानि हुई।

सरकार द्वारा दिये गये ऋण तथा अग्रिमों का विस्तृत विवरण वित्त लेखे के fooj.k&**18** के Hkkx ,d में दिया गया है तथा उन इकाइयों का विवरण, जिनके सापेक्ष ऋण के पुनर्भुगतान अवशेष थे, वित्त लेखे के fooj.k&**18** के Hkkx nks में दिया गया है।

lLrfr: राज्य सरकार को अपने निवेश तथा विभिन्न इकाइयों को दिये गये ऋण को इस प्रकार तर्कसंगत बनाना चाहिए जिससे निवेश तथा ऋण पर प्रतिफल कम से कम सरकार की ऋण लागत से मेल खाये।

1.8.5 lkotfud futh lk>nkjh ifj;ktuk,

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) को 71 सार्वजनिक निजी साझेदारी परियोजनाओं का विवरण (foRr ys[kk Hkkx **1** का *ifjf'k"V&vkb*), जिसमें डेवलपर का चयन किया जा चुका है, उपलब्ध कराया गया, जिनमें ₹ 92,621.88 करोड़ की धनराशि निहित है। राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक निजी साझेदारी प्रबन्धन के अन्तर्गत अपने वित्तीय उत्तरदायित्वों को सूचित नहीं किया गया ।

1.8.6 jkdM vo'k"k ,o jkdM vo'k"kk dk fuo'k

रोकड़ अवशेष तथा रोकड़ अवशेषों के निवेश का विवरण lkj.kh **1.32** में दर्शाया गया है।

lkj.kh **1.32:** jkdM vo'k"k ,o jkdM vo'k"kk dk fuo'k

¼₹ djksM+ esa½

fooj.k	**1 vi*y 2017** dk ikjfEHkd vo'k"k	**31 ekp 2018** dk vfUre vo'k"k
¼v½ lkekU; jkdM vo'k"k		
कोषागारों में रोकड़	00	00
रिजर्व बैंक के पास जमा	(-) 1,280.65	265.21
मार्गस्थ प्रेषण–स्थानीय	00	00
;kx	**(-) 1,280.65**	**265.21**
रोकड़ अवशेष निवेश लेखा में रखे गये निवेश	2,168.23	11,159.38
;kx ¼v½	**887.58**	**11,424.59**
¼c½ vU; jkdM vo'k"k ,o fuo'k		
विभागीय अधिकारियों के पास रोकड़ अर्थात् लोक निर्माण के विभागीय अधिकारी, वन विभाग के अधिकारी, जिलाधिकारी	10.69	10.87
विभागीय अधिकारियों के पास आकस्मिक व्यय के लिए स्थायी अग्रिम	0.44	0.49
उद्दिष्ट निधियों के निवेश	45.20	45.20
;kx ¼c½	**56.33**	**56.56**
egk;kx ¼v½$ ¼c½	**943.91**	**11,481.15**

(स्रोतः वित्त लेखे वर्ष 2017-18)

वर्ष 2017-18 में, रोकड़ अवशेष निवेश खातों में निवेश राशि का प्रारंभिक अवशेष ₹ 2,168.23 करोड़ था। वर्ष के दौरान ₹ 3,52,907.61 करोड़ के ट्रेजरी बिल क्रय किये गये एवं ₹ 3,43,916.47 करोड़ की बिक्री की गयी, इस प्रकार ₹ 11,159.38 करोड़ की राशि अवशेष थी। ट्रेजरी बिल्स और लॉन्ग टर्म गवर्नमेंट ऑफ इंडिया सिक्योरिटीज के तहत निवेश पर ब्याज के रूप में क्रमशः ₹ 471.26 करोड़ और ₹ 15.35 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई थी।

1.9 ifjlEifRr;k ,o n;rk;

1.9.1 ifjlEifRr;k ,o n;rkvk e of) ,o l?kVu

यद्यपि सरकारी लेखाकरण पद्धति में स्थायी परिसम्पत्तियों, जैसे सरकार के स्वामित्व में भूमि तथा भवन, का व्यापक लेखांकन नहीं किया जाता है, तथापि राज्य सरकार के लेखे वित्तीय देयताओं तथा व्यय द्वारा सृजित की गयी परिसम्पत्तियों को समाहित करते हैं। 31 मार्च 2017 के सापेक्ष 31 मार्च 2018 को ऐसी सम्पत्तियों तथा दायित्यों का समतुल्य सार *ifjf'k"V* ***1.7*** में दिया गया है। जहाँ दायित्व के अन्तर्गत मुख्यतः आन्तरिक ऋण, भारत सरकार से ऋण तथा अग्रिम और लोक लेखे एवं आरक्षित निधियों से प्राप्तियाँ आती हैं, सम्पत्तियों के अन्तर्गत मुख्यतः पूंजीगत परिव्यय तथा राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋण एवं अग्रिम और रोकड़ अवशेष सम्मिलित है।

1.9.2 vkjf{kr fuf/k;k d vUrxr ysunu

वर्ष 2017-18 में, राज्य सरकार ने राज्य के लोक लेखे के अन्तर्गत विभिन्न आरक्षित निधियों, जो विशिष्ट उद्देश्यों हेतु सृजित किये गये थे, में ₹ 8,264.72 करोड़ का निवल अन्तरण किया। विवरण *ifjf'k"V* ***1.8*** में दिया गया है एवं **lkj.kh 1.33** में सारांशीकृत किया गया है।

lkj.kh 1.33: o"k 2017-18 e vkjf{kr fuf/k;k dh fLFkfr

(₹ djkM+ e)

Ø-l-	y[kk 'kh"k	1 vily 2017 dk ikjfEHkd vo'k"k	2017-18 d nkjku ikfIr;k	2017-18 d nkjku lforj.k	31 ekp 2018 dk vfUre vo'k"k
¼v½ C;kt lfgr vkjf{kr fuf/k;k					
1	8115-मूल्यह्रास/नवीकरण आरक्षित निधि *निवेश*	00 (-) 44.42	00	00	00 (-) 44.42
2	8121-सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि	(-) 0.06 0.06	00	00	(-) 0.06 0.06
	;kx ¼v½ *fuo'k*	00 (-)44.42	00	00	00 (-)44.42
¼c½ C;kt jfgr vkjf{kr fuf/k;k					
1	8222- निक्षेप निधि	49,659.39	12,232.23	4,422.00	57,469.62
2	8223- अकाल राहत निधि *निवेश*	00 (-) 0.78	00	00	00 (-)0.78
3	8225- सड़कें एवं सेतु निधि	(-)321.46	2,000.00	2,000.00	(-)321.46
4	8226- मूल्यह्रास/ नवीकरण आरक्षित निधि	(-)7.99	00	00	(-)7.99
5	8229- विकास एवं कल्याण निधि	888.31	218.44	143.95	962.80
6	8235- सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि	797.10	816.86	436.86	1,177.10
	;kx ¼c½ *fuo'k*	**51,015.35** (-)**0.78**	**15,267.53**	**7,002.81**	**59,280.07** (-) **0.78**
	egk;kx *fuo'k*	**51,015.35** **(-)45.20**	**15,267.53**	**7,002.81**	**59,280.07** **(-)45.20**

(स्रोतः वित्त लेखे वर्ष 2017-18)

वर्ष 2017-18 के प्रारम्भ में 44 आरक्षित निधियां (₹ 51,015.35 करोड़ के प्रारम्भिक अवशेष सहित) थीं, जिसमें से दिनांक 31 मार्च 2018 को ₹ 20.67 करोड़ की अवशेष राशि वाली तीन निधियाँ वर्ष 2014-18 की अवधि में असंचालित, 32 संचालित थीं एवं वर्ष के दौरान नौ निधियाँ बन्द हुई थीं। इन 32 संचालित निधियों (₹ 59,259.40 करोड़ की अवशेष राशि सहित) में से 19 निधियों में शून्य अवशेष था। वर्ष 2017-18 के अन्त में इन 35 निधियों में कुल ₹ 59,280.07 करोड़ का संचित अवशेष था। यद्यपि यह देखा गया कि विगत पाँच वर्षों के दौरान इन आरक्षित निधियों के इस अत्यधिक अवशेष का कोई निवेश नहीं किया गया। यह भी देखा गया कि दो असंचालित आरक्षित निधियों में ₹ 45.20 करोड़ (जो कि डेबिट पुस्तक अवशेष था) की धनराशि मुख्य शीर्ष 8115–मूल्यह्रास आरक्षित निधि (₹ 44.42 करोड़) तथा मुख्य शीर्ष 8223–अकाल राहत निधि (₹ 0.78 करोड़) का निवेश दशकों पूर्व किया गया था, लेकिन खाते में कोई ब्याज क्रेडिट नहीं हुआ।

आरक्षित निधियों के अन्तर्गत हस्तान्तरण तथा उससे वितरण समेकित निधि के उपयुक्त राजस्व एवं व्यय शीर्ष के अन्तर्गत डेबिट एवं क्रेडिट प्रविष्टियों के माध्यम से प्रभावित होती हैं। ये केवल तभी वास्तविक नकद हस्तान्तरण का प्रतिनिधित्व करते हैं, यदि ये रिजर्व बैंक जमा (आर.बी.डी) को सीधे या निवेश के माध्यम से प्रभावित करते हों। वर्ष 2017-18 के दौरान, आरक्षित निधियों में ₹ 15,268 करोड़ का अन्तरण एवं उसमें से ₹ 7,003 करोड़ का वितरण (अर्थात् ₹ 8,265 करोड़ का निवल अन्तरण) केवल पुस्तक प्रविष्टियाँ ही थीं। चूँकि इसमें वास्तविक नकद बहिर्प्रवाह नहीं था, राज्य सरकार द्वारा आरक्षित निधियों के सापेक्ष प्रदर्शित लेन देन केवल पुस्तक प्रविष्टियाँ ही थीं, जो आरक्षित निधियों के सृजन एवं संचालन के मूलभूत विचारधारा का उल्लंघन करती हैं।

तथापि, इन निधियों में कई वर्षों से पड़े हुए बकाया अवशेष राज्य की बड़ी देनदारी को दर्शाते हैं। विशिष्ट आरक्षित निधियों के सापेक्ष ऋणात्मक तथा डेबिट अवशेषों को समेकित निधि से विनियोग द्वारा विनियमितीकरण कराये जाने की आवश्यकता है। कुछ मुख्य आरक्षित निधियों के लेनदेनों के सम्बन्ध में विस्तृत विश्लेषण आगे के प्रस्तरों में किया गया है।

/Lrfr% वित्त विभाग को आरक्षित निधियों के अन्तर्गत लेनदेन एवं अवशेषों का रख–रखाव पुस्तक प्रविष्टियों के माध्यम से किये जाने की समीक्षा करनी चाहिये तथा नकद लेखांकन के सिद्धांतों का पालन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ अवशेषों के वास्तविक निवेश के माध्यम से करना चाहिए।

1.9.2.1 fu{kh fuf/k

lefdr fu{kh fuf/k dk l`tu

बारहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अनुसार राज्य सरकार को बकाया दायित्वों[18] के परिहार हेतु समेकित निक्षेप निधि (स.नि.नि.) का सृजन करना चाहिए। भारतीय रिजर्व बैंक, जो इनके संचालन के लिए उत्तरदायी है, के दिशानिर्देशों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष के अन्त में बकाया दायित्वों के 0.5 *प्रतिशत* का न्यूनतम वार्षिक अंशदान किया जाना चाहिए था। तदनुसार, राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017-18 में इस निधि

[18] राज्य सरकार के आन्तरिक ऋणों एवं लोक लेखे दायित्वों के द्वारा परिभाषित।

में ₹ 2,116.12 करोड़ की राशि (दिनांक 31 मार्च 2017 को बकाया दायित्व ₹ 4,23,223.78 करोड़ का 0.5 *प्रतिशत*) का अंशदान किया जाना अपेक्षित था।

तथापि, राज्य सरकार ने इन दिशानिर्देशों[19] के संदर्भ में स. नि. नि. (मौजूदा निधि को सम्मिलित करते हुये) की स्थापना के लिए कोई कार्यवाही नहीं की।

or'eku fu{ki fuf/k dk lapkyu

वर्ष 2017-18 में राज्य सरकार ने ऋण में कमी या परिहार (मुख्य शीर्ष 2048 के अन्तर्गत) के लिए ₹ 12,232.23 करोड़ का प्रावधान किया और पुस्तकीय हस्तान्तरण के द्वारा लोक लेखे के अन्तर्गत निक्षेप निधि (मुख्य शीर्ष 8222) में हस्तांतरित किया। इस निधि में से, बिना किसी नकद बहिर्प्रवाह के, बाजार ऋण के पुनर्भुगतान के समतुल्य ₹ 4,422 करोड़ की राशि को समेकित निधि के अन्तर्गत राजस्व प्राप्तियों (मुख्य शीर्ष 0075–विविध सामान्य सेवाओं) के अन्तर्गत, अन्तरित किया गया। निक्षेप निधि से राजस्व खाते में अन्तरित धनराशि (₹ 4,422 करोड़) से वर्ष के राजस्व आधिक्य में अतिशयता हुई।

अन्य राज्य सरकारों द्वारा, जिन्होंने बारहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये स. नि. नि. का सृजन किया है, के विपरीत उत्तर प्रदेश सरकार के निक्षेप निधि के लेनदेन केवल पुस्तक प्रविष्टियां हैं और रोकड़ के वास्तविक लेनदेन को प्रदर्शित नहीं करते हैं। यह निक्षेप निधियों के गठन की अन्तर्निहित भावना के प्रतिकूल है। अग्रेतर, 31.03.2018 को निक्षेप निधि के अन्तिम अवशेष ₹ 57,469.61 करोड़ का निवेश नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, निक्षेप निधि में ₹ 7,810 करोड के निवल वृद्धि के परिणामस्वरूप राज्य की बकाया देनदारियों में उतनी ही राशि के समान वृद्धि हुई।

